



## अष्टम महागौरी



मां दुर्गा की आठवीं शक्ति का नाम महागौरी है। दुर्गापूजा के आठवें दिन महागौरी की उपासना का विधान है। इनकी शक्ति अमोघ और सद्यः फलदायिनी है। इनकी उपासना से भक्तों के सभी कल्मष धुल जाते हैं। पूर्वसंचित पाप भी विनष्ट हो जाते हैं। भविष्य में पाप, संताप, दैन्य-दुःख उसके पास कभी नहीं जाते। वह सभी प्रकार से पवित्र और अक्षय पुण्यों का अधिकारी हो जाता है। देवी महागौरी की पूजा से राहु का बुरा प्रभाव खत्म होता है।

बीज मंत्र...

**माँ महागौरी: श्री क्लीं ह्रीं वरदायै नमः**

## न्यूज ब्रीफ

### फायरिंग अभ्यास 28 को

**अयोध्या, अमृत विचार :** डिवीजनल ट्रेनिंग सेंटर होमगार्डस पर प्रशिक्षणरत 50 होमगार्डस जवानों का फायरिंग अभ्यास 28 मार्च को ईटीआर रेंज डोगरा रेजीमेंट सेन्टर में होगा। डिवीजनल कमांडेंट डिवीजनल ट्रेनिंग सेंटर होमगार्ड ने जारी विज्ञप्ति में कहा कि इस तिथि को फायरिंग रेंज के आसपास, निवासियों का कोई जानवर/व्यक्ति न आए, जिससे कोई अप्रिय घटना न हों।

### हेलमेट न पहनने से युवक की गई जान

**बड़ागांव, अमृत विचार :** लखनऊ मोहनलाल गंज निवासी विक्रम सिंह (27) पुत्र अमर सिंह अपने दोस्तों के साथ मोटरसाइकिल से अयोध्या से दर्शन कर वापस घर जा रहा था। रौनाही थाना क्षेत्र के बसहा चौराहे पर अनियंत्रित होकर कर बाइक डिवाइडर से जा टकराई। हेलमेट न लगाने की वजह से उसे सिर में गंभीर चोट आई। चौकी प्रभारी सत्यम अग्रवाल ने बताया घायल को घायल को सीएचसी सोहावल पहुंचाया गया। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया।

### जिला सैनिक बन्धु समिति की बैठक 30 को

**अयोध्या, अमृत विचार :** डीएम निखिल टीकाराम फुंडे की अध्यक्षता में जिला सैनिक बन्धु समिति की बैठक 30 मार्च को साढ़े चार बजे कलेक्ट्रेट सभागार में होगी। बैठक में सेवारत/भूतपूर्व सैनिकों, वीर नारियों व उनके आश्रितों की समस्याओं/शिकायतों के समयबद्ध अनुश्रवण एवं निराकरण पर चर्चा होगी। यह जानकारी ले.कर्नल संजीव कुमार (अ.प्रा.) सदस्य सचिव, जिला सैनिक बन्धु समिति एवं पुनर्वास अधिकारी ने दी।

### घरेलू गैस का कॉमर्शियल प्रयोग करने पर केस

**अयोध्या, अमृत विचार।** ढाबे पर घरेलू गैस का कॉमर्शियल प्रयोग करने पर एक के खिलाफ थाना महराजगंज में केस दर्ज हुआ है। थाना प्रभारी राजेश सिंह ने बताया कि सदर तहसील के आपूर्ति निरीक्षक संजय चौधरी की तहरीर पर पूरा बाजार स्थित गुरु तेग बहादुर ढाबे के तेज बहादुर यादव के खिलाफ आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत केस दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

# कड़ी धूप व बैरिकेडिंग ले रही श्रद्धालुओं की कड़ी परीक्षा

## रामलला का दर्शन करने के लिए चलना पड़ रहा दो से तीन किमी. पैदल ■ धर्मपथ व रामपथ पर कहीं नहीं है छांव के इंतजाम

अयोध्या कार्यालय।

**अमृत विचार :** रामनवमी मेले में कड़ी धूप व जगह-जगह लगी बैरिकेडिंग श्रद्धालुओं की कड़ी परीक्षा ले रही है। राम मंदिर पहुंचने के लिए श्रद्धालुओं को दो से तीन किलोमीटर पैदल चलना पड़ रहा है। धर्मपथ और रामपथ पर कहीं भी छांव के इंतजाम नहीं दिख रहे। दोपहर की तपती धूप में रामभक्त पसीने से तर-बतर हो रहे हैं। बुजुर्ग, महिलाएं और बच्चे थकान से चूर होकर भी जय श्रीराम का जयघोष आस्था का पग नाप रहे हैं। कहीं बैरिकेडिंग के नीचे से तो कहीं फांदकर निकलने का प्रयास कर रहे हैं।

एक अनुमान के अनुसार रामनवमी के पावन पर्व पर 20 लाख से अधिक श्रद्धालु रामनगरी पहुंच सकते हैं। सुरक्षा की दृष्टि से धर्मपथ व रामपथ पर सभी प्रकार के वाहनों के आवागमन पर रोक लगा दी गई है, बुधवार को सिर्फ कुछ गोल्फकार्ट वाहनों का ही संचालन हो रहा था। सिटी ई-बस सेवा का भी संचालन टेढ़ी बाजार चौराहे से हो रहा था। इसके चलते राम मंदिर व हनुमानगढ़ी मंदिर पहुंचने के लिए श्रद्धालुओं को दो से तीन किमी.की दूरी पैदल नापनी पड़ रही है। कड़ी धूप में इन दोनों पथों पर कहीं छांव का इंतजाम न होने के कारण श्रद्धालुओं को भारी समस्या का सामना करना पड़ रहा है। रामपथ पर श्रृंगार हाट में मिले संत कबीर नगर से आए जितेंद्र, पिंकी, रेनू, मोहित, सुधाकर आदि ने बताया कि बस से आए हैं, हाईवे से धर्मपथ से लता चौक होते हुए रामपथ पर चल रहे हैं। करीब तीन किमी. चल चुके हैं लेकिन कहीं भी छांव नहीं मिली। हालांकि प्रशासन ने जगह-जगह ठंडे पेयजल की व्यवस्था जरूर कर रखी है। बलिया से आए बुजुर्ग दंपत्ति विजयकांत पांडेय व रमा देवी भी गर्मी से बेहाल दिखे, कहा कि इतनी बड़ी व्यवस्था करने के बीच प्रशासन छांव के इंतजाम करना कैसे भूल गया। फुटपाथ पर एक दुकान पर बैठकर कुछ देर आराम किया है।



रामपथ पर कड़ी धूप में दर्शन पूजन को जाते श्रद्धालु। अमृत विचार



हनुमानगढ़ी चौराहे के पास बेरिकेडिंग के बीच रास्ता बनाकर निकलते श्रद्धालु। अमृत विचार

## एडीजी जोन ने परखी सुरक्षा व्यवस्था

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** लखनऊ जोन के अपर पुलिस महानिदेशक (एडीजी) प्रवीण कुमार बुधवार को रामनवमी मेले की तैयारियों का जायजा लेने के लिए अयोध्या पहुंचे। उन्होंने सरयू तट, हनुमानगढ़ी, नागेश्वरनाथ समेत अन्य प्रमुख स्थानों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं को परखा। साथ ही नयाघाट पुलिस चौकी पर अधिकारियों के साथ बैठक कर सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की। उन्होंने किसी प्रकार की लापरवाही पाए जाने पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी भी दी। बैठक में एडीजी प्रवीण कुमार ने सुरक्षा बलों को ड्यूटी के दौरान सतर्क रहने और श्रद्धालुओं की सुविधा सुनिश्चित करने के लिए विशेष ब्रीफिंग दी। अयोध्या के जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. गौरव ग्रोवर ने रामनवमी की तैयारियों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि भीड़ प्रबंधन के लिए विशेष प्लान तैयार किया गया है, जिसमें रूट डायवर्जन, पार्किंग व्यवस्था और यातायात नियंत्रण शामिल है। सीसीटीवी कैमरों और ड्रोन के माध्यम से पूरे क्षेत्र की निरंतर निगरानी रखी जा रही है। सरयू नदी के घाटों पर एसडीआरएफ, एनडीआरएफ और जल पुलिस की टीमें तैनात कर दी गई है। अर्ध सैनिक बल, पीएसी और सिविल पुलिस के जवान भी तैनात किए गए हैं। प्रशासन ने श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए स्वच्छता, पेयजल, चिकित्सा और अन्य बुनियादी सुविधाओं का भी पूरा ध्यान रखा गया है। एडीजी प्रवीण कुमार ने कहा कि रामनवमी अयोध्या का अत्यंत महत्वपूर्ण धार्मिक आयोजन है। सभी अधिकारी और कर्मचारी पूर्ण सतर्कता के साथ ड्यूटी निभाएं। इस दौरान उनके साथ मंडलायुक्त राजेश कुमार, डीआईजी सोमेन वर्मा, एसपी सिटी चक्रपाणि त्रिपाठी, सीओ अयोध्या आशुतोष तिवारी समेत प्रशासन व पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।



सरयू घाट का निरीक्षण करते एडीजी जोन प्रवीण कुमार, मंडलायुक्त राजेश कुमार, डीआईजी सोमेन वर्मा, जिलाधिकारी निखिल टीकराम फुंडे व एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर।

## व्यापारियों के विरोध के बाद भी रामपथ के डिवाइडर पर लगी स्थायी बेरिकेडिंग



रामपथ के डिवाइडर पर लगी स्थायी बेरिकेडिंग। अमृत विचार

**अयोध्या, अमृत विचार।** व्यापारियों व स्थानीय लोगों के विरोध के बाद भी प्रशासन ने रामपथ पर श्रीराम अस्पताल से श्रृंगार हाट तक के डिवाइडर पर स्थायी बेरिकेडिंग लगाना शुरू कर दिया। ध्यान रहे कि कार्तिक पूर्णिमा मेले के दौरान प्रशासन ने बैरिकेडिंग लगाने का प्रयास किया था। जिसका व्यापारियों ने विरोध किया था। मामले ने तूल पकड़ा तो जिले के प्रभारी मंत्री सूर्य प्रताप शाही व नगर विधायक वेद प्रकाश गुप्त ने हस्तक्षेप कर मामले को ठंडा कराया। बेरिकेडिंग लगाने का काम रोक दिया गया था। अब रामनवमी मेले को लेकर स्थायी बैरिकेडिंग का कार्य फिर से शुरू कर दिया गया है। इस बार कोई विरोध भी नहीं हो रहा। हालांकि व्यापारी नेता इसको लेकर आक्रोशित जरूर हैं। व्यापारी राकेश गुप्त, शैलेंद्र गुप्ता, ओंकार गुप्ता, राकेश चौरसिया, अमन शुक्ला आदि भी इसका विरोध करते हैं, उनका कहना है कि इससे दुकान तक माल पहुंचना बड़ा कठिन हो जाएगा। साथ ही व्यापार भी प्रभावित होगा।

## चैत्रराम नवमी को लेकर सात जोन व 23 सेक्टरों में बंटा मेला क्षेत्र

**अयोध्या, अमृत विचार:** चैत्र राम नवमी मेले में शांति और सुरक्षा के साथ नागरिक सुविधाओं को लेकर मेला क्षेत्र को सात जोन और 23 सेक्टरों में बांट मजिस्ट्रेटों के साथ पुलिस अफसरों की ड्यूटी लगाई गई है। यातायात और सुरक्षा पर विशेष फोकस है। ज्यादा भीड़ भाड़ वाले क्षेत्र को घाटजोन, नागेश्वरनाथ जोन, हनुमानगढ़ी जोन में सुपर जोनल, जोनल और सेक्टर मजिस्ट्रेटों की तैनाती की गई है। घाट जोन छह मजिस्ट्रेटों के साथ छह पुलिस अफसर, नागेश्वर नाथ जोन में आठ, हनुमानगढ़ी जोन में पांच सेक्टर मजिस्ट्रेट लगाए गए हैं। कनक भवन, यातायात और यातायात द्वितीय जोन में जोनल मजिस्ट्रेट और जोनल पुलिस अफसरों को लगाया गया है। कनक भवन जोन में चार, यातायात जोन प्रथम में 13 और यातायात द्वितीय में 21 मजिस्ट्रेट के साथ पुलिस अफसरों को लगाया गया है। गुप्ताघाट व नगर जोन में भी जोनल मजिस्ट्रेट व पुलिस अधिकारी के साथ दो सेक्टर मजिस्ट्रेटों को तैनात किया गया। सिंचाई विभाग गेस्ट हाउस में मेला नियंत्रण कक्ष बनाया गया। जिलाधिकारी की ओर से निर्देश पहले ही जारी कर दिया गया। कहा गया है कि अपने ड्यूटी स्थलों का पहले से भ्रमण कर लें। समस्याएं हों तो उनका निस्तारण करा लें।

> सुरक्षा व भीड़ प्रबंधन की दृष्टि से डिवाइडर पर बैरिकेडिंग लगाई जा रही है। अभी इसे श्रीराम अस्पताल से श्रृंगार हाट तक ही लगाया जाएगा। हर दो बैरिकेडिंग के बाद आने-जाने के लिए जगह छोड़ी जा रही है। साथ ही पहले से जो कट बने हैं उन्हें आम दिनों में खोला रखा जाएगा। **–आशुतोष तिवारी, क्षेत्राधिकारी अयोध्या।**

# एक्सपायर्ड वायल में होती रहीं जांचें, मूंद रखी थीं आंखें

अयोध्या कार्यालय

- **सोता रहा माइक्रोबायोलॉजी विभाग, प्राचार्य ने नष्ट कराईं सैकड़ों वायल्स**
- **अब गिरेगी टेक्निशियन पर गाज, स्टोर विभाग की भी भूमिका संदिग्ध**

अमृत विचार Follow UP

**अमृत विचार :** दर्शननगर स्थित राजर्षि दशरथ मेडिकल कॉलेज में एक्सपायर्ड वायल में ब्लड सैंपल लेकर महीने भर से जांच किए जाने का मामला सीधे माइक्रोबायोलॉजी विभाग और स्टोर पर सवालियां निशान उठाता है। क्या विभाग के अधिकारी व कर्मचारी आंखें मूंद कर काम करते रहे या फिर एक्सपायर्ड वायल को खपाने का प्लान था। फरवरी में ही एक्सपायर्ड हो चुकी वायल्स का इस्तेमाल एक महीने तक बिना रुके होता रहा।

मरीजों के ब्लड सैंपल मुख्य रूप से सीरम सेपरेटर ट्यूब (एसएसटी) में लिए जाते थे, जिनमें एचआईवी, एचसीवी, एचबीएसएजी, डेंगू और टाइफाइड जैसी गंभीर बीमारियों की जांच होती है। इसके बावजूद टेक्निशियन एक्सपायर्ड वायल्स का इस्तेमाल करते रहे। सूत्रों की मानें तो एक महीने तक यह लापरवाही चलती रही। स्टोर विभाग की भूमिका भी संदिग्ध मानी जा रही है, क्योंकि एक्सपायर्ड सामग्री को कैसे जारी किया गया, इसकी जांच अब होनी है। मामले की जानकारी मिलते ही कार्यवाहक प्राचार्य डॉ. डीएस मर्तोलिया ने तुरंत संज्ञान लिया। उन्होंने कहा कि माइक्रोबायोलॉजी विभागाध्यक्ष डॉ. स्नेहांशु शुक्ला से बात कर जांच कमेटी गठित की जाएगी। सबसे पहले उन टेक्निशियनों पर सख्त कार्रवाई होगी, जिन्होंने जानबूझकर एक्सपायर्ड वायल में सैंपल लेकर जांच की। साथ ही यह भी जांच होगी कि ये वायल कब खरीदे गए थे और स्टोर से उन्हें कैसे जारी किया गया। डॉ. मर्तोलिया ने यह भी संकेत दिया कि पहले वाले प्रशासन या कर्मचारियों की मिलीभगत से ऐसा हो सकता है। पूरी जांच के बाद दोषियों पर गाज गिरेगी और किसी को भी बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने बताया कि एक्सपायर्ड वायल को नष्ट करा दिया गया है।

## हत्या में दोषी को आजीवन कारावास व 20 हजार रुपये जुर्माना

- **युवक पर कुल्हाड़ी से किया था वार**

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार:** लाठी डंडे और कुल्हाड़ी से वार करके युवक की हत्या कर देने के मामले में कोर्ट ने आरोपी को दोषी पाते हुए आजीवन कठोर कारावास की सजा से दंडित किया है। उस पर 20 हजार जुर्माना भी हुआ है। फैसला अपर जिला जज सुरेंद्र मोहन सहाय की अदालत से बुधवार को हुआ। सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता ज्ञानेश चंद्र पांडेय व रोहित पांडेय ने बताया कि घटना 17 अप्रैल 2022 की है। अयोध्या कोतवाली के कुशमाहा गांव निवासी उपेंद्र कुमार उर्फ रवि पांडे अपने घर पर शैलेंद्र उर्फ डब्बू सिंह तथा उज्जवल सिंह के साथ बैठे थे। इसके बाद उपेंद्र उठकर कहीं चले गए। मौका पाकर डब्बू सिंह ने रवि की मोबाइल चोरी कर लिया। मोबाइल चोरी की बात को लेकर डब्बू और रवि में झगड़ा हो गया। वादी अनिरुद्ध पांडेय ने बीच बचाव किया। कुछ देर बाद रवि उर्फ उपेंद्र पांडेय बाइक से तकपुरा चौराहे जा रहे थे। गांव के गंगा यादव के घर के पास शैलेंद्र उर्फ डब्बू ने चलती बाइक पर लाठी से मार कर उन्हें गिरा दिया। इसके बाद कुल्हाड़ी से कई बार किया, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना में तीनों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। सुनवाई के बाद कोर्ट ने उज्जवल सिंह को दोष मुक्त कर दिया। अनंत सिंह उर्फ बडाई सिंह की दौरान मुकदमा मौत हो गई। इसलिए उसके खिलाफ मुकदमा समाप्त कर दिया गया। असलेद्र उर्फ डब्बू सिंह को कोर्ट ने दोषी पाते हुए सजा दी



सर्किट हाउस में आबकारी मंत्री नितिन अग्रवाल को बुके भेंट करते बिन्नी अग्रवाल। अमृत विचार

## घरेलू गैस और पेट्रोल-डीजल की समस्या पर करें सहयोग : नितिन

**अयोध्या, अमृत विचार :** खाड़ी देशों में चल रहे युद्ध के कारण वर्तमान समय में हुई घरेलू गैस और पेट्रोल–डीजल की समस्या पर लोग सहयोग करें। ये अपील प्रदेश के आबकारी मंत्री नितिन अग्रवाल ने बुधवार को की। वो सरकिट हाउस में विभागीय समीक्षा बैठक के बाद पत्रकारों से वार्ता कर रहे थे। मंत्री ने जनता से धैर्य और संयम बनाए रखने की अपील करते हुए कहा कि जनता और मीडिया दोनों को स्थिति समझने की जरूरत है। सरकार हालात को नियंत्रित रखने की कोशिश में है। पीएम मोदी लगातार स्थिति की समीक्षा कर रहे हैं। युद्ध विराम को लेकर भारत की भूमिका को महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि भाजपा 10 साल की उपलब्धियों के आधार पर 2027 का विधान सभा चुनाव जीतेगी।

## महिला अस्पताल से शुरू होगा सर्वाइकल कैंसर का टीकाकरण

**अयोध्या, अमृत विचार :** सर्वाइकल कैंसर से किशोरियों को बचाने के लिए जिले में एचपीवी टीकाकरण अभियान शुरू होने जा रहा है। जिले में करीब आठ हजार डोज टीका पहुंच चुका है। पहले चरण में टीकाकरण केवल महिला अस्पताल में ही किया जाएगा। टीका लगवाने के लिए किशोरियों को आधार कार्ड साथ लाना अनिवार्य होगा। यह टीका 14 और 15 वर्ष की आयु वाली किशोरियों को लगाया जाएगा। केंद्र सरकार के निर्देश पर शुरू हुए इस राष्ट्रव्यापी अभियान का उद्देश्य भविष्य में महिलाओं को सर्वाइकल कैंसर जैसी घातक बीमारी से बचाना है। सीएमओ डॉ. देवेंद्र कमार भिटौरिया ने बताया कि अभियान को सफल बनाने के लिए जागरूकता कार्यक्रम भी चलाए जाएंगे। पहले चरण में महिला अस्पताल को केंद्र बनाया गया है, ताकि किशोरियों को सुविधाजनक और सुरक्षित वातावरण में टीका लग सके। बाद के चरणों में अन्य स्वास्थ्य केंद्रों और स्कूलों को भी शामिल किया जाएगा।

**हालात** | पॉवर कॉर्पोरेशन अलर्ट, विद्युत उप केन्द्रों को लोड न बढ़ाने के निर्देश

# बिना तपिश के बिजली लोड 70 एमवीए पहुंचा

- **रसोई गैस संकट का बताया जा रहा असर**

अयोध्या कार्यालय।



> इस समय हल्की बारिश के बाद तापमान सामान्य भी है इसलिए लोड बढ़ने कारण मौसम नहीं है। संभवत: अत्यधिक बिजली उपकरणों का प्रयोग लोड बढ़ने का अहम कारण हो सकता है। सभी विद्युतउप केन्द्रों को सतर्क किया गया है। **–बृजेश कुमार, मुख्य अभियंता वितरण।**

**अमृत विचार :** जिले में तपिश तेज भी नहीं हुई लेकिन बिजली की मांग में तेजी से बढ़ोत्तरी दर्ज की जा रही है। वर्तमान में शहर का बिजली लोड 70 एमवीए तक पहुंच गया है। ऐसे में आने वाले दिनों में बिजली व्यवस्था पर और अधिक दबाव पड़ने की संभावना है। इसके पीछे इजराइल और ईरान के बीच छिड़े युद्ध के कारण पैदा हुई एलपीजी संकट भी एक बड़ा कारण है। बताया जा रहा है कि घरेलू गैस संकट और सिलेंडर बचाए रखने को लेकर लोग इलेक्ट्रॉनिक्स उपकरणों का अधिक प्रयोग कर रहे हैं। जबकि वर्तमान में लोड बढ़ने का कोई अन्य कारण नहीं है। इसे लेकर पॉवर कॉर्पोरेशन ने सभी विद्युत उप केन्द्रों को अलर्ट कर दिया है।

जिले में इस समय कुल 272 एमवीए लोड दर्ज किया गया है, जबकि कुल क्षमता 964 एमवीए की है। हालांकि इस क्षमता का केवल 60 से 70 प्रतिशत ही उपयोग में लाया जा सकता है। इस समय जिले भर में क्षमता की 28 से 30 फीसदी बिजली खपत हो रही है। एलपीजी संकट का असर भी बिजली खपत पर साफ दिखाई दे रहा है। गैस की कमी के कारण लोग घरेलू कार्यों के लिए बिजली पर निर्भर हो रहे हैं, जिससे करीब पांच मेगावाट तक अतिरिक्त खपत बढ़ गई है। जिले में ट्रांसमिशन के आठ पॉवर हाउस संचालित हैं, लेकिन सबसे अधिक दबाव शहर पर ही है। शहर में 33 केवीए ट्रांसमिशन की कुल क्षमता 226 एमवीए है, जिसमें से वर्तमान में 70 एमवीए लोड चल रहा है। वहीं रुदौली, सोहावल और मिल्कीपुर क्षेत्रों में भी 35 से 40 मेगावाट के बीच बिजली खपत दर्ज की जा रही है।

पॉवर कॉर्पोरेशन द्वारा सभी विद्युत उप केन्द्रों के अवर अभियंताओं को निर्देश दिए गए हैं कि अपने क्षेत्रों में सर्विलांस पर निकलें और उपभोक्ताओं को जागरूक करें। कटिया और अन्य प्रकार से बिजली संचालन को लेकर भी नजर रखने के निर्देश दिए गए हैं। वहीं ग्रामीण और कस्बाई क्षेत्रों में पंखे, कूलर और अन्य उपकरणों के बढ़ते उपयोग से मांग लगातार बढ़ रही है। बिजली विभाग के अधिकारी स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं और आपूर्ति को सुचारु बनाए रखने के प्रयास किए जा रहे हैं। विभाग का कहना है कि यदि तापमान में और वृद्धि होती है तो ओवरलोडिंग और ट्रिपिंग की समस्या बढ़ सकती है। ऐसे में उपभोक्ताओं से संयमित तरीके से बिजली उपयोग करने की अपील की गई है, ताकि आपूर्ति व्यवस्था पर अनावश्यक दबाव न पड़े।

# शिकायतों के निस्तारण की फीडबैक ठीक नहीं

अयोध्या कार्यालय

- **रैंकिंग को लेकर आईजीआरएस में निस्तारण को एडीएम ने की वीडियो कांफ्रेंसिंग**

**अमृत विचार:** विभिन्न माध्यमों से की जा रही शिकायतों के निस्तारण की फीड बैक ठीक नहीं है। रैंकिंग गिर सकती है। इसको लेकर प्रशासन में आईजीआरएस के नोडल अफसर व एडीएम प्रशासन ने कई विभाग के अफसरों से वीडियो कांफ्रेंसिंग की।

सूत्रों के मुताबिक विभागों से किए जा रहे निस्तारण के बाद पहुंची रिपोर्ट के आधार पर प्रशासन में स्थापित सेल से शिकायत करने वालों से फोन से फीड बैक लिया गया। इसमें शिकायतों के निस्तारण में असंतुष्टि का प्रतिशत 40 से 60 फीसदी तक बताया गया। जानकारों की मानें तो इस स्थिति में रैंकिंग के लिए एक तिहाई नंबर ही मिलते हैं और जिले की रैंकिंग गिर जाती है। रैंकिंग गिरी को प्रशासन से इसका स्पष्टीकरण तलब किया जाता है। नोडल अफसर व एडीएम प्रशासन अनिरुद्ध प्रताप सिंह ने अफसरों से बात करते हुए निर्देश दिया कि इस पर एक बार फिर होम वर्क करें।80 फीसदी से कम संतुष्टि नहीं होनी चाहिए। अफसरों ने कुछ समस्याएं भी गिनाई।




# देवीपाटन धाम पहुंचे सीएम, मां पाटेश्वरी का किया पूजन

## मंदिर प्रशासन से ली नवरात्र मेले की तैयारियों की जानकारी, सुरक्षा व साफ-सफाई व्यवस्था दुरुस्त रखने के निर्देश



देवीपाटन धाम में मां पाटेश्वरी की पूजा करते सीएम योगी आदित्यनाथ। अमृत विचार



पीर रतन नाथ पात्र देवता का दर्शन-पूजन करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।



सीएम को देवीपाटन कॉरिडोर विकास से संबंधित पुस्तक भेंट करते जनप्रतिनिधि।

संवाददाता बलरामपुर

**अमृत विचार:** चैत्र नवरात्रि के पावन अवसर पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को प्रसिद्ध देवीपाटन मंदिर पहुंचकर मां पाटेश्वरी के दर्शन किए। उन्होंने विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की।

मुख्यमंत्री ने मंदिर परिसर में पूरे श्रद्धा भाव से पूजा करते हुए मां पाटेश्वरी के साथ-साथ श्रद्धालुओं की आस्था के केंद्र पीर रतन नाथ पात्र देवता का भी दर्शन-पूजन किया। इस दौरान उन्होंने मंदिर प्रशासन से नवरात्र मेले की तैयारियों की विस्तृत जानकारी ली और व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो और सुरक्षा, साफ-सफाई एवं अन्य व्यवस्थाएं पूरी तरह दुरुस्त रहें। मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर मंदिर परिसर में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे। उनके दौरे के दौरान श्रद्धालुओं में भी उत्साह का माहौल देखने को मिला। मुख्यमंत्री के साथ सूबे के कृषि कैबिनेट मंत्री सूर्यप्रताप शाही भी मौजूद रहे। इस अवसर पर पूर्व सांसद दद्दन मिश्र, भाजपा जिला अध्यक्ष रवि मिश्रा, सदर विधायक पल्टूराम, तुलसीपुर विधायक कैलाश नाथ शुक्ला, उतरौला विधायक राम प्रताप वर्मा, पूर्व विधायक शैलेश कुमार सिंह 'शैलू', नगर पालिका बलरामपुर अध्यक्ष डॉ. धीरेंद्र प्रताप सिंह 'धीरू' सहित कई जनप्रतिनिधि व डीएम विपिन कुमार जैन, एसपी विकास कुमार सहित जिले के अधिकारी मौजूद रहे। दर्शन-पूजन एवं निरीक्षण के बाद मुख्यमंत्री अपने निर्धारित गंतव्य के लिए रवाना हो गए।

### देवीपाटन बनेगा भव्य कॉरिडोर, मुख्यमंत्री को विकास योजना की पुस्तक भेंट, रिवर फ्रंट की भी तैयारी

संवाददाता, बलरामपुर

**अमृत विचार:** प्रसिद्ध देवीपाटन मंदिर पहुंचे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को मंदिर सभागार में देवीपाटन तीर्थ क्षेत्र के समग्र विकास से संबंधित पुस्तक भेंट की गई। इस पुस्तक में शक्तिपीठ को भव्य कॉरिडोर के रूप में विकसित करने की विस्तृत कार्ययोजना शामिल है। मुख्यमंत्री के साथ कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही एवं अन्य जनप्रतिनिधियों को भी यह पुस्तक प्रदान की गई। मंडलायुक्त देवीपाटन मंडल शशिभूषण लाल सुशील ने मुख्यमंत्री को योजना की जानकारी देते हुए बताया कि देवीपाटन मंदिर को काशी विश्वनाथ कॉरिडोर की तर्ज पर विकसित करने की तैयारी चल रही है। इसके लिए भूमि अधिग्रहण का कार्य अंतिम चरण में है। मुख्यमंत्री एवं जनप्रतिनिधियों ने योजना का अवलोकन कर इसकी सराहना की। अधिकारियों के अनुसार, इस परियोजना के पूरा होने पर श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी और मंदिर परिसर का स्वरूप अत्यंत आकर्षक होगा। साथ ही मंदिर से सटे सिरिया नाला को रिवर फ्रंट के रूप में विकसित करने की योजना भी प्रस्तावित है। इस दौरान पूर्व सांसद दद्दन मिश्र, विधायक पल्टूराम, कैलाश नाथ शुक्ल, राम प्रताप वर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष आरती तिवारी, जिलाध्यक्ष रवि मिश्र सहित कई जनप्रतिनिधि व अधिकारी मौजूद रहे।



निर्णायक मंडल के साथ प्रतियोगिता के विजयी प्रतिभागी। अमृत विचार

### टाई एंड डाई प्रतियोगिता में छात्राओं ने बिखेरा जलवा, हुनर से निखरी स्वरोजगार की राह

**बलरामपुर, अमृत विचार :** एमएलके (पीजी) कॉलेज के गृह विज्ञान विभाग में बुधवार को प्राचार्य प्रो. जेपी पांडे के निर्देशन में टाई एंड डाई प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। इसमें स्नातक व परास्नातक की छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। निर्णायक मंडल में प्रो. वीणा सिंह, प्रो. रेखा विश्वकर्मा व डॉ. अनामिका सिंह शामिल रहीं। प्रतियोगिता में सीमा यादव (एमए द्वितीय) व चांदनी तिवारी (बीए तृतीय) ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। नीलू वर्मा व निधि सोनी द्वितीय तथा अंतिमा भारती व राशि कश्यप तृतीय रहीं। वर्तिका पाठक को सांत्वना पुरस्कार मिला। कार्यक्रम में विभागाध्यक्ष डॉ. शकुंतला सिंह ने स्वागत किया, जबकि श्रीमती मणिका मिश्रा ने आभार व्यक्त किया। आयोजन में सुधा कसौधन व सौम्या तिवारी का विशेष सहयोग रहा। प्राचार्य ने छात्राओं को इस कौशल के माध्यम से स्वरोजगार अपनाने हेतु प्रेरित करते हुए सरकारी योजनाओं की जानकारी भी दी।

### 25 दिन की बच्ची को उठा ले गया तेंदुआ, मौत

**बलरामपुर, अमृत विचार :** सोहेलवा वन्य जीव प्रभाग के बनकटवा रेंज अंतर्गत निनौहनी गांव में मंगलवार देर शाम एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई, जहां तेंदुए के हमले में 25 दिन की मासूम संगीता की मौत हो गई। इस घटना से पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई और एक परिवार की खुशियां पलभर में उजड़ गईं। मृतका की दादी सुखदेई, जो घटना की प्रत्यक्षदर्शी हैं, ने बताया कि तेंदुआ उनकी पोती संगीता को मुंह में दबाकर भाग रहा था। वह चिल्लाते हुए उसके पीछे दौड़ीं और उनकी आवाज सुनकर गांव के अन्य लोग भी मौके पर पहुंच गए। ग्रामीणों के पीछा करने पर तेंदुआ बच्ची को गेहूं के खेत में छोड़कर फरार हो गया, लेकिन तब तक मासूम की जान जा चुकी थी। घटना के बाद परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है। मां संजू बार-बार बेसुध होकर यही कह रही है कि वह अपनी नवजात बेटी को ठीक से गोद में भी नहीं खिला पाई थी। सूचना पर पहुंचे उप प्रभागीय अधिकारी मनोज कुमार ने बताया घटनास्थल केपास तेंदुए की मौजूदगी के स्पष्ट प्रमाण नहीं मिले हैं।

# अफवाहों से पेट्रोल पंपों पर अफरा-तफरी

संवाददाता बलरामपुर/उतरौला

**अमृत विचार:** गैस की कीमतों को लेकर फैली अफवाहों ने अब उतरौला क्षेत्र में पेट्रोल संकट का रूप ले लिया है। मंगलवार से शुरू हुई हलचल बुधवार तक गंभीर स्थिति में बदल गई, जिससे क्षेत्र के पेट्रोल पंपों पर लंबी-लंबी कतारें देखने को मिलीं। लोग घंटों लाइन में खड़े रहकर अपने वाहनों में ईंधन भरवाने के लिए परेशान होते रहे। अफवाहों का असर इतना व्यापक रहा कि जो उपभोक्ता सामान्य दिनों में 100 या 200 का पेट्रोल डलवाते थे, वे भी घबराकर टंकी फुल कराने के लिए पंपों की ओर उमड़ पड़े। बढ़ती मांग के कारण कई पेट्रोल पंपों पर "पेट्रोल समाप्त" के बोर्ड तक लगाने पड़े, जिससे लोगों की चिंता और बढ़ गई। स्थिति को और जटिल तब बना दिया जब कुछ लोग सिफारिशों के जरिए पेट्रोल हासिल करने की कोशिश करते नजर आए। वहीं, क्षेत्र में लॉकडाउन जैसी स्थिति बनने की चर्चाओं ने भी लोगों में डर का माहौल पैदा कर दिया है। इसके चलते कुछ व्यापारी आवश्यक वस्तुओं का भंडारण करने में जुट गए हैं, जिससे कृत्रिम संकट की आशंका बढ़ रही है।



पेट्रोल पंप पर जुटी बाइक सवारों की भीड़। अमृत विचार

### प्रशासन के लिए बढ़ी चुनौती

प्रशासन के सामने सबसे बड़ी चुनौती अफवाहों पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करना और पेट्रोल सहित अन्य आवश्यक वस्तुओं की सुचारु आपूर्ति बनाए रखना है। यदि समय रहते अफवाह फैलाने वालों, जमाखोरों और मुनाफाखोरों के खिलाफ सख्त कार्रवाई नहीं की गई, तो हालात और बिगड़ सकते हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि आमजन को अफवाहों पर ध्यान न देते हुए केवल आधिकारिक सूचनाओं पर ही भरोसा करना चाहिए। अनावश्यक खरीदारी और भंडारण से न केवल संकट गहराता है, बल्कि जरूरतमंदों को परेशानी भी होती है।

# शिक्षा के दीप स्तंभ को किया नमन

श्रद्धांजलि

उतरौला बलरामपुर

**अमृत विचार:** उतरौला क्षेत्र के विकास पुरुष एवं एसआरटीसी ग्रुप ऑफ कॉलेज के संस्थापक स्वर्गीय श्यामलाल वर्मा की पुण्यतिथि पर उनके द्वारा स्थापित श्री रामतीर्थ चौधरी कन्या इंटर कॉलेज, इमिलिया बनघुसरा में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्र के गणमान्य लोगों, शिक्षकों एवं छात्र-छात्राओं ने बड़ी संख्या में उपस्थित होकर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

इस अवसर पर उनके सुपुत्र एवं उतरौला विधायक राम प्रताप वर्मा ने उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए उनके योगदान को याद किया। उन्होंने कहा कि स्व. श्यामलाल वर्मा ने शिक्षा और समाज सेवा के माध्यम से क्षेत्र के विकास में अमूल्य योगदान दिया, जिसे कभी भुलाया नहीं जा सकता।



श्यामलाल वर्मा को श्रद्धांजलि अर्पित करते विधायक, परिजन, शिक्षक और बच्चे।

कार्यक्रम में ग्रुप ऑफ कॉलेज के प्रबंधन सलाहकार डॉ. रमाकांत वर्मा ने कहा कि स्व. वर्मा का जीवन हम सभी के लिए प्रेरणास्रोत है। वहीं प्रबंध निदेशक इंजीनियर शुभम वर्मा ने संस्थापक के सपनों को साकार करने का संकल्प दोहराते हुए कहा कि शिक्षा की अलख को जन-जन तक पहुंचाना उनका लक्ष्य है।

श्री रामतीर्थ चौधरी महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एच. डी. वर्मा ने बताया कि संस्थापक के प्रयासों से हजारों बेटियों को उच्च शिक्षा प्राप्त करने का अवसर मिला है, जो उनके दूरदर्शी सोच का परिणाम है।

कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में आदर्श शिक्षिका पद्मा दीदी एवं खुशी वर्मा की गरिमामयी उपस्थिति रही। इस दौरान प्रबंध समिति के सदस्य, विभिन्न शिक्षण संस्थानों के संस्था प्रमुख, विभागाध्यक्ष, शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं छात्र-छात्राएं मौजूद रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन प्राचार्य डॉ. पवन कुमार नंदा द्वारा किया गया। पूरे आयोजन में स्व. श्यामलाल वर्मा के व्यक्तित्व एवं कृतित्व को याद करते हुए उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

### कंपोजिट स्कूल के 55 छात्र-छात्राओं ने सीखे खेती के आधुनिक गुर

**गोंडा कार्यालय, अमृत विचार :** पीएम श्री कम्पोजिट विद्यालय महेवा गोपाल के 55 छात्र-छात्राओं का एक्सपोजर विजिट लाल बहादुर शास्त्री कृषि विज्ञान केंद्र, गोपाल ग्राम में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। ग्राम प्रधान ने शैक्षिक दल को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान उप कृषि निदेशक डॉ. प्रेम कुमार ठाकुर ने बच्चों का मार्गदर्शन करते हुए उन्हें कृषि क्षेत्र में नवाचार अपनाने के लिए प्रेरित किया। कृषि विज्ञान केंद्र पहुंचने पर वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष डॉ. चंद्रमणि त्रिपाठी ने केंद्र की गतिविधियों, अनुसंधान कार्यों और आधुनिक कृषि तकनीकों की जानकारी दी। डॉ. ममता त्रिपाठी ने संतुलित आहार व पोषण के महत्व पर प्रकाश डाला। बच्चों ने वर्मी कम्पोस्ट यूनिट, पोषक तत्वों से युक्त "पशु चॉकलेट", मौसम विज्ञान केंद्र, नियंत्रित परिस्थितियों में उगाए जा रहे पौधों तथा गेहूं समेत अन्य फसलों के फील्ड ट्रायल का अवलोकन किया। फील्ड विजिट के दौरान डॉ. सुधांशु ने विद्यार्थियों को चारा उत्पादन, नेपियर घास और पशुपालन की तकनीकों समेत कई प्रकार की उपयोगी जानकारी प्रदान की।



बैठक में मौजूद नगरपालिका अध्यक्ष व अन्य। अमृत विचार

# ब्लॉक टास्क फोर्स बैठक में 'दस्तक अभियान' को लेकर बनी रणनीति

**बलरामपुर, अमृत विचार:** नगर पालिका परिषद सभागार में अध्यक्ष धीरेंद्र प्रताप सिंह 'धीरू' की अध्यक्षता में ब्लॉक टास्क फोर्स की बैठक एवं कार्यशाला आयोजित हुई। इसमें 1 से 30 अप्रैल 2026 तक चलने वाले संचारी दस्तक अभियान की तैयारियों पर विस्तार से चर्चा की गई। अधिकारियों ने बताया कि अभियान के तहत घर-घर जाकर लोगों को जागरूक किया जाएगा। साफ-सफाई, मच्छरजनित रोगों की रोकथाम और टीकाकरण पर विशेष जोर रहेगा। नगर क्षेत्र में टीकाकरण को और प्रभावी बनाने के लिए नोडल अधिकारी नामित करने पर भी विचार हुआ। बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने आपसी समन्वय से कार्य करने पर बल दिया। अधिक से अधिक लोगों तक स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ पहुंचे। अध्यक्ष धीरेंद्र प्रताप सिंह ने निर्देश दिए कि जनभागीदारी सुनिश्चित कर हर घर तक जागरूकता संदेश पहुंचाया जाए।



हॉकी कोच रश्मि सिंह को सम्मानित करते डॉ. एमपी तिवारी। अमृत विचार

### खेलो मास्टर में चमकीं रश्मि सिंह

**बलरामपुर, अमृत विचार :** पायनियर पब्लिक स्कूल एंड कॉलेज की हॉकी कोच रश्मि सिंह को खेलो मास्टर प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया। 25 मार्च 2026 को विद्यालय प्रबंधन द्वारा उन्हें शुभकामनाएं देते हुए प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए चंडीगढ़ भेजा गया था। प्रतियोगिता में 30 प्लस वर्ग की उत्तर प्रदेश टीम ने हरियाणा, पंजाब, महाराष्ट्र, दिल्ली सहित कई राज्यों की टीमों के बीच शानदार प्रदर्शन करते हुए तीसरा स्थान हासिल कर कांस्य पदक जीता। इस उपलब्धि में रश्मि सिंह की अहम भूमिका रही। वापसी पर विद्यालय के प्रबंध निदेशक डॉ. एम.पी. तिवारी ने उन्हें पदक पहनाकर सम्मानित किया। उप प्रधानाचार्य शिखा पांडेय, राघवेन्द्र त्रिपाठी सहित शिक्षक-शिक्षिकाओं ने बधाई दी। सफलता से विद्यालय में उत्साह का माहौल है और यह उपलब्धि खेल क्षेत्र में नए आयाम स्थापित करने की प्रेरणा दे रही है।

### श्रीराम कथा में केवट प्रसंग सुनकर भाव-विभोर हुए श्रद्धालु

**खरगूपुर, गोंडा :** भटपी के बाबा पुरवा गांव में आयोजित शतचंडी महायज्ञ एवं श्रीराम कथा में मंगलवार को श्रद्धा और भक्ति का माहौल रहा। कथा प्रवाचक देवी ऋषिता ने भगवान श्रीराम के वनगमन और केवट प्रसंग का भावपूर्ण वर्णन करते हुए श्रद्धालुओं को भक्ति, सेवा और समर्पण का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि भगवान राम ने पिता दशरथ की आज्ञा और माता कैकेयी के वचन की मर्यादा निभाने के लिए राजपाट त्यागकर 14 वर्ष का वनवास स्वीकार किया। उनके साथ माता सीता और छोटे भाई लक्ष्मण भी वन के लिए प्रस्थान किए। वन मार्ग में जब भगवान राम, माता सीता और लक्ष्मण गंगा तट पर पहुंचे तो वहां केवट ने प्रभु को नाव में बैठाने से विनम्रता पूर्वक मना कर दिया। प्रवाचक ने बताया कि केवट ने भगवान राम से कहा कि उसने सुना है कि उनके चरणों की धूल से पत्थर भी नारी बन गई थी। ऐसे में यदि उनकी चरणरज उसकी नाव पर पड़ गई और नाव भी पत्थर की होकर नारी बन गई, तो उसकी आजीविका समाप्त हो जाएगी। इस भाव के साथ केवट ने पहले भगवान राम के चरण धोने की जिद की, ताकि चरणों की धूल नाव में न लगे। भगवान राम ने केवट की निष्कपट भक्ति, प्रेम और समर्पण को देखकर मुस्कुराते हुए उसे चरण पखारने की अनुमति दी। कथा के दौरान इस प्रसंग को सुनकर श्रद्धालु भाव विभोर हो उठे। इस मौके पर बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# निषादराज जयंती पर 'अविरल गंगा-निर्मल गंगा' का लिया संकल्प, पर्यावरण संरक्षण पर जोर

**बलरामपुर, अमृत विचार:** एमएलके पीजी कॉलेज के सभागार में बुधवार को निषादराज जयंती के अवसर पर गंगा समग्र के तत्वावधान में 'अविरल गंगा-निर्मल गंगा' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में गंगा की स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण के लिए वृक्षारोपण और जनभागीदारी पर विशेष जोर दिया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य प्रो. जे.पी. पांडे, मुख्य वक्ता लाल जी एवं संयोजक प्रो. एस.पी. मिश्र द्वारा दीप प्रज्वलित कर एवं मां सरस्वती के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। प्राचार्य प्रो. पांडे ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि 'अविरल गंगा-निर्मल गंगा' अभियान भारत सरकार की महत्वपूर्ण पहल है, जिसका उद्देश्य गंगा के प्रवाह को बनाए रखते हुए उसे प्रदूषण मुक्त करना है। मुख्य वक्ता लाल जी ने कहा कि नमामि गंगे योजना के तहत गंगा की स्वच्छता, जल स्रोतों का संरक्षण और पारिस्थितिकी संतुलन बनाए रखने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। संयोजक प्रो. एस.पी. मिश्र ने आभार व्यक्त करते हुए गंगा संरक्षण की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संचालन डॉ. सुनील कुमार मिश्र ने किया। इस अवसर पर डॉ. राजीव रंजन, डॉ. स्वदेश भट्ट, डॉ. बी.एल. गुप्त, डॉ. एस.के. त्रिपाठी सहित अनेक शिक्षाविद एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।



कार्यक्रम का उद्घाटन करते अतिथिगण।

### सड़क हादसे में महिला की मौत, दो घायल

**गैसड़ी, बलरामपुर :** थाना कोतवाली गैसड़ी क्षेत्र में भांभर नाले के पास बुधवार सायंकाल हुए सड़क हादसे में एक महिला की मौत हो गई, जबकि दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई। जानकारी के अनुसार, ग्राम सड़वा निवासी बड़कऊ चौहान (40) अपनी पत्नी मालती (38) के साथ गैसड़ी बाजार से साइकिल से वापस लौट रहे थे। इसी दौरान पीछे से आ रही तेज रफ्तार मोटरसाइकिल ने उन्हें टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि तीनों लोग सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची एंबुलेंस ने घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गैसड़ी पहुंचाया, जहां अधीक्षक डॉ. अरविंद कुमार ने मालती को मृत घोषित कर दिया। घायल बड़कऊ चौहान एवं मोटरसाइकिल चालक श्याम नारायण तिवारी का इलाज जारी है। बताया गया कि श्याम नारायण तिवारी भोजपुर थारू स्थित होम्योपैथिक अस्पताल में वार्ड बॉय के पद पर तैनात हैं और ड्यूटी के बाद घर लौट रहे थे। उपनिरीक्षक गुलाब शाही ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की जांच की जा रही है।

### रेशम मेले में उमड़ा किसानों का उत्साह



रेशम प्रदर्शनी का निरीक्षण करते सदर विधायक पल्टूराम व अन्य। अमृत विचार

**बलरामपुर, अमृत विचार :** राजकीय रेशम फार्म, बालपुर में रेशम विकास विभाग द्वारा मुख्यमंत्री रेशम विकास योजना के अंतर्गत एकदिवसीय जनपद स्तरीय रेशम मेला एवं प्रदर्शनी का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिले के विभिन्न विकास खंडों से आए 500 से अधिक कृषकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ सदर विधायक पल्टूराम ने दीप प्रज्वलित कर किया। मेले में प्रगतिशील कृषक बीरबल एवं अरुण को उत्कृष्ट कार्य के लिए शाल भेंट कर सम्मानित किया गया। केंद्रीय रेशम बोर्ड के वैज्ञानिक डॉ. श्री राम लखन राम ने रेशम कीट पालन, उत्पादन तकनीक और रोजगार के अवसरों की विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम में रेशम, उद्यान, उद्योग, मत्स्य विभाग एवं स्वयं सहायता समूहों के स्टॉल आकर्षण का केंद्र रहे। अंत में सहायक निदेशक रेशम नितेश सिंह ने आभार व्यक्त किया।

### नव आरंभ उत्सव में नौनिहालों का स्वागत



नव आरंभ उत्सव में बालक को दी गयी पुस्तक। अमृत विचार

**बेलसर, गोंडा :** कम्पोजिट विद्यालय चांदपुर में नव आरम्भ उत्सव धूमधाम से मनाया गया। बाल वाटिका के बच्चों का विद्यालय में औपचारिक प्रवेश कराते हुए उनका माल्यार्पण व चन्दन टीका लगाकर स्वागत किया गया। साथ ही बच्चों को नए सत्र के लिए नि:शुल्क पुस्तकें भी वितरित की गईं। समारोह की मुख्य अतिथि खण्ड शिक्षा अधिकारी बेलसर नूतन जायसवाल एवं प्रबंध समिति की अध्यक्ष माया देवी रहीं। प्रभारी प्रधानाध्यापिका सीमा सिंह ने बताया कि विद्यालय में प्री-प्राइमरी/बाल वाटिका का संचालन प्रभावी रूप से किया जा रहा है।


**कार्यालय ग्राम पंचायत भगवान पुर शिवपुर विकास खंड पचपेड़वा, जनपद-बलरामपुर**

**निविदा सूचना**

ग्राम पंचायत भगवानपुर शिवपुर में गौ वंश आश्रय स्थल हेतु भूसा, हरा चारा व दाना सामग्री आपूर्ति के लिए इच्छुक निविदादाताओं से निविदा/ कोटेशन जो पंजीकृत फर्म से सील बंद निविदाएं दिनांक 26/03/2026से दिनांक 28/03/ 2026 तक ग्राम पंचायत कार्यालय पर अपरान्ह 3:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है जो कि दिनांक 30/03/2026 को 2:00 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय में टेंडर हेतु गठित समिति, ग्राम प्रधान, सचिव एवं तकनीकी सहायक के समक्ष खोली जाएगी। आपूर्ति की जाने वाली सामग्री पूरे वर्ष 2026-2027 में मान्य होगी। वर्तमान समय में क्षेत्रीय भूसा विक्रेताओं के द्वारा निर्धारित दरों के सापेक्ष खरीद की जाएगी। शेष नियम एवं शर्ते किसी भी समय ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त की जा सकती हैं। टेंडर प्रक्रिया निरस्त /स्थगित करने का पूर्ण अधिकार ग्राम पंचायत को होगा।

भोला प्रसाद
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत भगवानपुर शिवपुर
विकास खण्ड पचपेड़वा, बलरामपुर

संजय कुमार मिश्रा
ग्राम पंचायत सचिव
ग्राम पंचायत भगवानपुर शिवपुर
विकास खण्ड पचपेड़वा, बलरामपुर

**श्रीमती धनपता मौर्या स्मारक (एस0डी0एम0एस0) महाविद्यालय**
**रसूलपुर लिलहा, अयोध्या (उ0प्र0)**

**सम्बद्ध: डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय में स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत आवश्यकता है-**

परास्नातक स्तर पर विज्ञान संकाय (एम0एस-सी0) पाठ्यक्रम हेतु गणित, रसायन विज्ञान, जन्तु विज्ञान, वनस्पति विज्ञान, एवं भौतिक विज्ञान तथा परास्नातक स्तर पर कला संकाय (एम0ए0) पाठ्यक्रम हेतु शिक्षाशास्त्र पाठ्यक्रम हेतु प्रत्येक विषय में 03-03 पद प्रवक्ताओ की।

**योग्यता व वेतनमान -** यूजीसी एवं राज्य विश्वविद्यालय के मानकानुसार ।

इच्छुक अभ्यर्थी विज्ञापन तिथी से 10 दिनो के भीतर अपने समस्त शैक्षिक अभिलेखो की स्वप्रमाणित छायाप्रति के साथ महाविद्यालय के पते पर संपर्क करे।

भवदीय
**प्रबंधक**

**बाबू तीर्थराज स्मारक महाविद्यालय,**
**देवरिया बुर्जुग, अम्बेडकरनगर**

**में आवश्यकता है :-**

प्राचार्य 01 पद, स्नातक स्तर पर बी0ए0 पाठ्यक्रम में (अर्थशास्त्र, शिक्षाशास्त्र, अंग्रेजी) प्रत्येक विषय में प्रवक्ता-02 पद तथा बी0बी0ए0 पाठ्यक्रम में प्रवक्ता 3 पद तथा बी0एस0सी0 कृषि पाठ्यक्रम में प्रवक्ता-06 पद

**पदों की संख्या आवश्यकता पड़ने पर घटाई व बढ़ाई जा सकती है।**

**योग्यता एवं वेतनमान -** यू0जी0सी0 एवं राज्य विश्वविद्यालय के मानकानुसार।

इच्छुक अभ्यर्थी 21 कार्य दिवस के अन्दर अपने समस्त अंक पत्रों एवं प्रमाण पत्रों को दो स्व-हस्ताक्षरित प्रतियों एवं दो पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ एवं दो स्वपता लिखे लिफाफे के साथ महाविद्यालय के उपरोक्त पते पर आवेदन करें।

प्रबन्धक- **विकास यादव**
मो0नं0-8917095416

**बिहारी लाल स्मारक किसान स्नातकोत्तर महाविद्यालय,**
**आमादरवेशपुर, अम्बेडकरनगर**

**में आवश्यकता है :-**

प्राचार्य 01 पद, स्नातक स्तर पर बी0एस0सी0 कृषि पाठ्यक्रम में प्रवक्ता-06 पद तथा बी0बी0ए0 एवं बी0सी0ए0 पाठ्यक्रम में प्रवक्ता 3-3 पद

पदों की संख्या आवश्यकता पड़ने पर घटाई व बढ़ाई जा सकती है।

**योग्यता एवं वेतनमान -** यू0जी0सी0 एवं राज्य विश्वविद्यालय के मानकानुसार।

इच्छुक अभ्यर्थी 21 कार्य दिवस के अन्दर अपने समस्त अंक पत्रों एवं प्रमाण पत्रों को दो स्व-हस्ताक्षरित प्रतियों एवं दो पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ एवं दो स्वपता लिखे लिफाफे के साथ महाविद्यालय के उपरोक्त पते पर आवेदन करें।

प्रबन्धक- **वेद प्रकाश गोपाल**
मो0नं0-9450992928

**नवयुग स्नातकोत्तर महाविद्यालय**
**रतनपुर बारी सहिजन, सुलतानपुर (उ0प्र0)**

**मे स्ववित्तपोषित योजनातंर्गत आवश्कता है**

स्नातक स्तर पर बी0बी0ए0 पाठ्यक्रम हेतु प्रवक्ता- **06 पद**
स्नातक स्तर पर बी0सी0ए0 पाठ्यक्रम हेतु प्रवक्ता - **06 पद**
स्नातक स्तर पर बी0लिब0 पाठ्यक्रम हेतु प्रवक्ता - **06 पद**
एवं परास्नातक एम0कॉम0 पाठ्यक्रम हेतु प्रवक्ता - **06 पद**

**योग्यता व वेतनमान -** एआईसीटीई, यूजीसी एवं राज्य विश्वविद्यालय के मानकानुसार । इच्छुक अभ्यर्थी विज्ञापन तिथि से 10 दिनो के भीतर अपने समस्त शैक्षिक अभिलेखो की स्वप्रमाणित छायाप्रति के महाविद्यालय के पते पर संपर्क करे।

भवदीय- **प्रबंधक**
मो0- 9919332588

# पूर्व सरकारें केवल अपने परिवार तक सीमित रहीं: सीएम योगी

## मुख्यमंत्री ने 136 परिवारों को आवास के सौंपे कागजात, प्रभावित परिवारों को डिजिटल माध्यम से भेजे 1 करोड़ 63 लाख 20 हजार रुपए



जनसभा को संबोधित करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ। अमृत विचार



मिहींपुरवा के सेमरहना ग्राम में आयोजित कार्यक्रम में मंचासीन मुख्यमंत्री आदित्यनाथ व साथ में मौजूद अन्य लोग। अमृत विचार

**संवाददाता, बहराइच**

**अमृत विचार।** जनपद पहुंचे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 136 परिवारों को आवास, शौचालय व भूमि के पट्टों का वितरण किया। इस दौरान उन्होंने विपक्ष पर जमकर हमला बोला। बुधवार को मुख्यमंत्री द्वारा जनपद के मिहींपुरवा के सेमरहना ग्राम में लोगों को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि महर्षि बालार्क की पावन साधनास्थली, महराज सुहेलदेव के शौर्य, पराक्रम की धरा है। आज से 1 हजार वर्ष पहले जिस धरती पर महराज सुहेलदेव ने अपने शौर्य और पराक्रम के तेज से विधर्मियों और विदेशी आक्रांताओं को नेस्तनाबूद कर, भारत की सनातन ध्वजपताका को जीवंत बनाये रखने के लिए अप्रतिम शौर्य और तेज का परिचय दिया था, आज 1 हजार वर्ष बाद भी उनका शौर्य पराक्रम हम सबको प्रेरणा दे रहा है। इस दौरान मुख्यमंत्री ने विपक्षी दलों पर हमला करते हुए कहा कि पूर्व सरकारें केवल अपने परिवार तक सीमित रही, इसलिए विकास के नाम पर परेशान जनता को कोई सुविधा नहीं मिली।

उन्होंने कहा कि जिन लोगों को पिछली सरकारों ने भुला दिया था, पिछली सरकारों की संवेदना जिनके लिए कभी नहीं जगी, उन 500 परिवारों को एक नए जीवन के लिए आगे बढ़ने के लिए ये मंच और मैं स्वयं इस मिहींपुरवा में उपस्थित होकर उनके पुनर्वास करने के लिए आये हैं। उन्हें हृदय से अभिनन्दन है, आज का यह कार्य डबल इंजन के सेवा और संवेदना के नए सेतु का प्रमाण है। हमारे लिए सेवा संवेदना जाति, पंथ, सम्प्रदाय से मुक्त होकर 25 करोड़ लोगों के लिए एक साथ सामूहिक रूप से दिखती है। आज यहां पर इस भरथापुर के नागरिकों के पुनर्वास के कार्यक्रम के साथ जुड़ते हुए आज मुझे अत्यंत हार्दिक प्रसन्नता की अनुभूति हो रही है। उन्होंने कहा कि यह के लोग जंगल के बीच में एक ओर बाघ, हाथी व तेंदुए का खतरा और नदी की ओर से मगरमच्छ का खतरा, जंगल के बीच से अजगर और विषैले सांपों के खतरों से पैदा होने वाली स्थिति के बीच ये 500 लोग रह रहे थे। आज हमने उन 500 लोगों को जंगल से निकालकर इन्हें पुनर्वासित किया है, इसके लिए यह कार्यक्रम हो रहा है। वसंत नवरात्र में हम जगत जननी मां भगवती के अनुष्ठान के साथ जुड़े हुए हैं। जब माताएं मंच पर आकर के अपने राहत सामग्री के चेक ले रही थीं तो, वास्तव में लग रहा था कि यह होती है जनता की सरकार। इस दौरान मुख्यमंत्री योगी विपक्ष पर हमला करते हुए कहा कि थारू समुदाय के लोगों को जिन लोगों ने जातीय चश्मे से देखा था। इसलिए पूर्व की सरकारें सिर्फ वादे करती थीं, वे काम कोई नहीं करतीं रहीं हैं। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि जब ये लोग सत्ता में आते हैं तो केवल परिवार तक सीमित हो जाते हैं। ऐसे में सारी सुविधा मिलनी चाहिए सिर्फ इनके परिवार को। तब उन्हें भरथापुर के यादव याद नहीं आ रहे थे, तब उन लोगों को यहां की पिछड़ी जाति के लोग याद नहीं आ रहे थे, जो मुन्नालाल मौर्य यहां मंच से कह रहे थे। जो लोग पीडीए की बात करते हैं उनसे पूछा जाना चाहिए, क्या ये मुन्नालाल मौर्य उसका पार्ट नहीं हो सकता था? क्या ये भरतापुर के यादव उसके हिस्से नहीं हो सकते थे? क्या यहां का दलित उसका हिस्सा नहीं हो सकता था? क्या यहां के जनजातीय थारू समुदाय के लोगों को इसका अधिकार नहीं मिलना चाहिए था? ये मिलना चाहिए था और बहुत पहले मिल जाना चाहिए था। क्या इनका सड़क पर अधिकार नहीं होना चाहिए था? क्या इनके बच्चों को सुरक्षित रहने का अधिकार नहीं था? मुख्यमंत्री आदित्यनाथ ने कहा कि सेमरहना ग्राम में बनने वाली घरों को कॉलोनी के रूप में विकसित किया जाना चाहिए और इस कॉलोनी का नाम भरतपुर रखा जाए। उन्होंने कहा कि शारदीय नवरात्र तक काम पूरा हो जाए जिससे सभी परिवार नवरात्र में गृह प्रवेश कर सके। पैसे की कोई चिंता नहीं है। जितना भी चाहिए राज्य व केंद्र सरकार द्वारा दिया जाएगा। इस कॉलोनी में सभी सुविधाएं होगीं। पास में स्कूल राशन व अन्य संसाधन भी उपलब्ध रहेंगे।

### सभी लोग हमारे लिए परिवार का हिस्सा हैं: मुख्यमंत्री



कार्यक्रम के दौरान बच्चे दुलार करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ। अमृत विचार

मुख्यमंत्री ने कहा कि मैं पूछना चाहता हूं उन लोगों से जिन्होंने जाति-जाति के बीच में बांट करके सामाजिक ताने-बाने को छिन्न-भिन्न किया है, इन 500 परिवारों में, दलित भी हैं, पिछड़ी जाति के लोग हैं और जनजातीय समुदाय से जुड़े हुए लोग हैं। इन 500 परिवारों में, यादव भी हैं, मौर्य व कुशवाहा भी हैं। इनके साथ थारू जनजाति के लोग व दलित भी हैं, लेकिन हमारी सरकार ने कभी इन लोगों को जाति के आधार पर जातीय चश्मे से नहीं देखा है। यहां रहने वाले सभी लोग हमारे लिए परिवार का हिस्सा हैं और उसको यह अधिकार मिलना चाहिए कि वह सुरक्षित रह सकें। वहीं कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने जनपद के प्रभावित परिवारों को डिजिटल माध्यम से एक करोड़ 63 लाख 20 हजार रुपए भेजे।



महिला लाभार्थी को भूमि पट्टों से संबंधित प्रमाण पत्र सौंपते मुख्यमंत्री आदित्यनाथ। अमृत विचार

## न्यूज ब्रीफ

### संदिग्ध परिस्थिति में लटका मिला विवाहिता का शव

**नानपारा (बहराइच):** कोतवाली क्षेत्र के परसा अगैय्या गांव में एक विवाहिता का शव संदिग्ध परिस्थितियों में फंदे से लटका मिला। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बहराइच भेज दिया। मृतका की पहचान कौशल्या (पुत्री सूबेदार) के रूप में हुई है, जिसका विवाह लगभग 10 माह पूर्व परसा अगैय्या निवासी किशुन लाल से हुआ था। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, पति-पत्नी के बीच अक्सर छोटी-मोटी बातों को लेकर विवाद होता रहता था। बताया गया है कि मंगलवार को पति नानपारा मजदूरी करने गया था, जबकि मृतका की सास रिश्तेदारी में गई हुई थीं। इसी दौरान कौशल्या ने घर के अंदर कुंडे में साड़ी का फंदा लगाकर कथित तौर पर आत्महत्या कर ली। प्रभारी निरीक्षक राजनाथ सिंह ने बताया कि शव का पंचायतनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए बहराइच भेज दिया गया है।

### बंदर के हमले से युवक घायल

**बहराइच:** जिले के रिसिया थाना क्षेत्र में स्थित भंगहा ग्राम के रहने वाले विजय कुमार अपने खेत में लगी लाही की फसल काट रहे थे। तभी अचानक एक बंदर ने उनके सिर पर हमला कर उन्हें घायल कर दिया, शोर सुनकर आस पास मौजूद लोग डंडे लेकर दौड़े जिसके बाद जानवर उन्हें छोड़ कर भाग गया। हमले में युवक के सिर पर गम्भीर घाव हो गया। परिवार के लोग उसे इलाज के लिए लेकर स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे जहां पर प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने घायल को जिला जिला अस्पताल रेफर कर दिया। चिकित्सकों की ओर से घायल का इलाज किया जा रहा है।

### सड़क हादसे में बालिका की मौत

**मल्हीपुर (श्रावस्ती):** हरदत्त नगर गिरंट थाना क्षेत्र में बुधवार को सड़क हादसे में एक बालिका की मौत हो गई। सोनवा थाना क्षेत्र के महादेवा काला गांव निवासी मुस्कान (10) पुत्री इस्लाम पांच दिन पहले ईद का त्योहार मनाने अपने नानी के घर हरदत्त नगर गिरंट थाना क्षेत्र के सुजानडीह गांव गई थी। बुधवार को वह सुजानडीह जंगल के पास नानपारा-बदला मार्ग किनारे बकरी चरा रही थी। इस दौरान अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी। इससे घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई। बालिका की मौत की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया।

### इलाज के दौरान बालक की मौत

**इकौना (श्रावस्ती):** इकौना थाना क्षेत्र के नत्थापुरवा गांव निवासी अमित (8) पुत्र टीकाराम शनिवार को छत पर पतंग उड़ाते समय नीचे गिर गया था। घायल बालक को सीएचसी इकौना फिर मेडिकल कॉलेज बहराइच में भर्ती कराया गया। जहां उसकी हालत गंभीर देखते हुए चिकित्सकों ने सोमवार शाम को मेडिकल कालेज लखनऊ रेफर कर दिया गया था। मेडिकल कालेज लखनऊ में सोमवार रात इलाज के दौरान बालक की मौत हो गई।

### गर्म ईंट की ढेर गिरने से मजदूर झुलसा

**सिरसिया (श्रावस्ती):** सिरसिया थाना क्षेत्र के दुर्गापुर गांव निवासी मिनतीराम इसी क्षेत्र के एक ईंट भट्ठे पर मजदूरी करता है। बुधवार को वह भट्ठे से ईंट निकाल रहा था। इस दौरान गर्म ईंट का ढेर उसी के ऊपर गिर गया। इससे वह झुलसने के साथ ही वह घायल हो गया। गंभीर हालत में मजदूर को जिला अस्पताल भिनगा ले जाया गया। जहां से उसे मेडिकल कालेज रेफर कर दिया गया।

## कतर्नियाघाट में फिर गूंजी नन्हें शावकों की आवाज

**संवाददाता, बहराइच**

**अमृत विचार।** दुधवा टाइगर रिजर्व के कतर्नियाघाट वन्य जीव प्रभाग से वन्य जीव प्रेमियों के लिए एक सुखद खबर सामने आ रही है। पिछले कुछ वर्षों में बाघों की असमय मृत्यु और कुछ बाघों को अन्य चिड़ियाघरों में स्थानांतरित किए जाने के बाद, अब कतर्नियाघाट के जंगलों में बाघों का कुनबा एक बार फिर तेजी से बढ़ता दिखाई दे रहा है। निशानगाढ़ा रेंज में हाल ही में सफारी शुरू होने के दौरान एक मादा बाघिन अपने दो बच्चों के साथ देखी गई।

तथा कतर्नियाघाट रेंज के पी.डब्ल्यू.डी. रोड पर एक बाघिन को अपने तीन नन्हें शावकों के साथ आराम करते देखा गया, जो पर्यटकों के लिए कौतूहल का विषय बना रहा।



शावकों संग विचरण करती बाघिन।

यही नहीं कटियारा बीट में भी एक बाघिन एक शावक के साथ लगातार विचरण कर रही है, जिसकी पुष्टि स्थानीय ग्रामीणों ने भी की है। वहीं वन्य जीव संरक्षक बी.डी. लखमानी ने बताते हैं कि नवंबर, दिसंबर और जनवरी के महीने बाघों की मीटिंग के लिए अनुकूल होते हैं। वर्तमान में दिखाई दे रहे शावक इसी चक्र का परिणाम हैं।

## मुठभेड़ के बाद तीन बदमाश गिरफ्तार

**संवाददाता, श्रावस्ती**

**अमृत विचार।** कटरा पुलिस व एसओजी टीम की मंगलवार रात बदमाशों से मुठभेड़ हो गई। इस दौरान हुई गोलीबारी में दो बदमाश व एक पुलिसकर्मी घायल हो गया। इस दौरान पुलिस ने तीन बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया। घायलों को सीएचसी इकौना में भर्ती कराया गया है।

नवीन मॉडर्न थाना क्षेत्र कटरा के खरगौरा गणेश में 22 मार्च को एक महिला को सिर पर डंडे से मारकर घायल कर दिया गया था। इसके बाद बदमाश महिला के कान की बाली व नाक की नथ लूट ली थी। इसका खुलासा करने के लिए एसपी राहुल भाटी ने स्थानीय थाने सहित एसओजी टीम को लगाया था। मंगलवार रात मुखबिर की सूचना पर टीम ने कटरा वीरपुर मार्ग स्थित परशुरामपुर मोड़ के पास बदमाशों की घेराबंदी की। इस दौरान बदमाशों ने पुलिस टीम पर फायर झोंक दिया। दोनों तरफ से हुई गोलीबारी के बाद पुलिस ने बलरामपुर जिले के थाना कोतवाली देहात के टेगनाहिया मानकोट निवासी अन्तर्जनपदीय साइको अपराधी रिजवान पुत्र समीउल्लाह व हरिहरगंज निवासी विशाल सोनी पुत्र रघुवर सोनी तथा लालिया थाना क्षेत्र के जोगिया कला निवासी राहुल पुत्र मालिकराम को गिरफ्तार कर लिया। मुठभेड़ के दौरान रिजवान व राहुल के पैर में गोली लगने से दोनों घायल हो गए। वहीं आरक्षी कृष्ण मोहन चौहान को भी चोट आई। तीनों घायलों को सीएचसी इकौना में भर्ती कराया गया है। इस दौरान पुलिस ने बदमाशों के कब्जे से लूटा गया जेवरात, दो तमंचा व कारतूस, तीन मोबाइल फ़ोन, घटना में प्रयुक्त लकड़ी का डंडा, एक बाइक, एक ई-रिक्शा व दो हजार रुपए नगदी बरामद किया। एएसपी मुकेश चन्द्र उत्तम ने बताया कि मुख्य आरोपी रिजवान पर लूट व हत्या से संबंधित पांच मुकदमा दर्ज है। वहीं दूसरे आरोपी विशाल सोनी पर छह व राहुल पर एक मामला दर्ज है। गिरफ्तार आरोपियों के विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई कर जेल भेजा गया है।

**कार्रवाई**



पुलिस अभिरक्षा में गिरफ्तार आरोपी।

## पेंशन वैधता अधिनियम के विरोध में आक्रोश

**संवाददाता, श्रावस्ती**

**अमृत विचार।** केन्द्रीय सिविल सेवा (पेंशन) वैधता अधिनियम 2025 के विरोध में ऑल इंडिया स्टेट पेंशनर्स फेडरेशन ने कला दिवस मनाने का आह्वान किया था। ऐसे में बुधवार को जिले के सेवानिवृत्त पेंशनर्स ने काला दिवस मनाया। इस दौरान पेंशनर्स ने अधिनियम को भेदभावपूर्ण बताते हुए इसे तत्काल प्रभाव से वापस लेने की मांग की। इस दौरान पेंशनर्स ने प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन अतिरिक्त मजिस्ट्रेट को सौंपा। जिसमें कहा गया है कि 25 मार्च 2025 से लागू इस अधिनियम के तहत सेवानिवृत्ति की तिथि को पेंशन निर्धारण का आधार बनाया जा रहा है। इससे उन पेंशनर्स को नुकसान होगा, जो किसी वेतन आयोग के लागू होने से पहले सेवानिवृत्त हुए हैं। ऐसे में उन्हें नई सिफारिशों का लाभ नहीं मिल पाएगा। इस दौरान ओम प्रकाश वर्मा, द्वारिका प्रसाद ओझा, शाहिद हुसैन, बाबूराम सहित सैकड़ों सेवानिवृत्त शिक्षक व पेंशनर्स उपस्थित रहे।



अतिरिक्त मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपते पेंशनर्स। अमृत विचार

## अनियंत्रित होकर पलटी बाइक, तीन सवार घायल

**जमुनहा(श्रावस्ती)**

**अमृत विचार।** मल्हीपुर थाना क्षेत्र के कानीबोझी-राप्ती बैराज मार्ग पर बुधवार वन बैरियर के पास एक बाइक अनियंत्रित होकर पलट गई। इससे बाइक पर सवार तीन लोग घायल हो गए। सभी घायलों को जिला अस्पताल भिनगा रेफर किया गया है। मल्हीपुर क्षेत्र के ग्राम लक्ष्मणपुर कोठी निवासी लालजी पासवान के यहां तिलक समारोह में शामिल होने आए रिश्तेदार वापस लौट रहे थे। इसी दौरान कानीबोझी-राप्ती बैराज मार्ग स्थित वन बैरियर के पास अचानक बाइक अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गई। हादसे में भिनगा कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पटना खरगौरा निवासी अर्जुन (22) पुत्र गंगाराम, कुंदन (17) पुत्र उदयराज व अरुण (10) पुत्र सिद्धि घायल हो गए। घटना के बाद मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने एंबुलेंस से सभी घायलों को सीएचसी मल्हीपुर पहुंचाया। जहां से चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद सभी घायलों को जिला अस्पताल भिनगा रेफर कर दिया है।

### बहराइच से जयपुर के लिए नई बस सेवा शुरू

**जरवलरोड (बहराइच) अमृत विचार।** यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए पहली बार बहराइच डिपो से जयपुर के लिए एक नई बस सेवा का संचालन मंगलवार दोपहर से शुरू कर दिया गया है। इस संबंध में बहराइच डिपो की स्टेशन इंचार्ज शबाना ने जानकारी देते हुए बताया कि अब तक रूपईडीहा से जयपुर के लिए साधारण सेवा संचालित की जा रही थी, लेकिन सवारियों की बढ़ती संख्या को देखते हुए मंगलवार दोपहर 2:30 बजे से बहराइच डिपो से प्रतिदिन बस सेवा शुरू की गई है। उन्होंने बताया कि परिवहन निगम का उद्देश्य यात्रियों को बेहतर और सुगम यात्रा सुविधा उपलब्ध कराना है, जिससे किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। नई सेवा शुरू होने से बहराइच क्षेत्र जरवल रोड कैसरगंज फखरपुर रामनगर बाराबंकी लखनऊ होते हुए यात्रियों को सीधे जयपुर के लिए यात्रा करने में काफी सहूलियत मिलेगी। इस मौके पर सहायक स्टेशन इंचार्ज एस.बी. सिंह, चालक दिलीप वर्मा, परिचालक नंदकिशोर सिंह एवं वीरेंद्र आर्य भी मौजूद रहे।




बस सेवा शुरू होने के दौरान मौजूद इंचार्ज व अन्य।

### पीएम श्री विद्यालयों के बच्चों ने दिखाया दम

**पयागपुर, बहराइच (अमृत विचार)।** पीएम श्री योजना के अंतर्गत बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा जनपद स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का एक दिवसीय आयोजन किसान डिग्री कॉलेज, बहराइच में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद डॉ. आनंद गौड़ रहे। कार्यक्रम की शुरुआत डॉ. गौड़ ने मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर की। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों से ग्रामीण क्षेत्रों के विद्यालयों में पढ़ने वाले बच्चों की प्रतिभाएं निखरकर सामने आती हैं और उनका मानसिक विकास होता है। प्रतियोगिता में जनपद के 15 विकास क्षेत्रों के 26 पीएम श्री विद्यालयों के लगभग 520 बच्चों ने प्रतिभाग किया। इस दौरान 50 मीटर, 100 मीटर, 200 मीटर एवं लंबी दौड़, गोला फेंक, भाला फेंक जैसी एथलेटिक्स प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। इसके साथ ही समूह प्रतियोगिताओं में कबड्डी, खो-खो, योग तथा सांस्कृतिक कार्यक्रमों के अंतर्गत एकांकी, समूह गान और लोक नृत्य प्रस्तुत किए गए। प्रतियोगिता में ओवरऑल प्रदर्शन के आधार पर झाला तरहर पीएम श्री विद्यालय ने 49 अंक प्राप्त कर जनपद में प्रथम स्थान हासिल किया, जबकि फखरपुर ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।



ट्रॉफी के साथ विजेता टीम के बच्चे।

### तमंचा रखने के दोषी पर जुर्माना

**श्रावस्ती, अमृत विचार।** गिलौला पुलिस ने 2017 में कोट मुबारकपुर निवासी सुग्रीव पाठक पुत्र राम प्रसाद पाठक को 12 बोर तमंचा व कारतूस के साथ गिरफ्तार कर जेल भेजा था। बाद में आरोपी जमानत पर छूटा था। बुधवार को न्यायिक मजिस्ट्रेट दिलीप कुमार साहनी ने उसे दोषी मानते हुए जेल में बिताई अवधि का कारावास व 500 रुपए के जुर्माने से दंडित किया।

### छत से गिरा बालक घायल

**श्रावस्ती, अमृत विचार।** कोतवाली भिनगा क्षेत्र के ग्राम राजापुर निवासी सात वर्षीय अजामुद्दीन मंगलवार को खेलते हुए छत पर पहुंचा गया। जहां से वह सीढ़ियों के सहारे नीचे उतर रहा था। पहली सीढ़ी पर पैर रखते ही वह असंतुलित होकर नीचे गिय गया और गंभीररूप से घायल हो गया। परिजनों की ओर से इलाज के लिए घायल बालक को जिला अस्पताल भिनगा में भर्ती कराया गया।

### महिलाओं पर फफ्तियां कस रहा युवक गिरफ्तार

**लेंगड़ी गूलर( श्रावस्ती), अमृत विचार।** महिलाओं पर फफ्तियां कस रहे एक युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। मंगलवार को गिलौला पुलिस टीम क्षेत्र में भ्रमण कर रही थी। इस दौरान एक युवक सार्वजनिक स्थान पर महिलाओं व लड़कियों को देखकर अश्लील टिप्पणी कर रहा था। मौके पर पहुंची पुलिस ने युवक को गिरफ्तार कर लिया। जिसकी पहचान गिलौला के लेंगड़ीगूलर निवासी थानेदार वर्मा पुत्र जिलेदार वर्मा के रूप में हुई।

### मगरमच्छ देख लोगों में हड़कंप

**इकौना( श्रावस्ती), अमृत विचार।** नवीन मार्डन पुलिस थाना श्रावस्ती क्षेत्र के गुलवरिया गांव के पास राप्ती नदी बह रही है। बुधवार को एक मगरमच्छ पानी से निकलकर नदी के किनारे पहुंच गया। कुछ ग्रामीण खेत की ओर जा रहे थे जिनकी नजर मगरमच्छ पर पड़ी तो उनमें हड़कंप मच गया। जानकारी होने पर काफी संख्या में लोग मगरमच्छ को देखने के लिए एकत्रित हुए।

**प्रेसवार्ता**

राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नितिन अग्रवाल ने प्रदेश सरकार के नव निर्माण के नौ वर्ष पूर्ण होने पर गिनाईं उपलब्धियां

## प्रदेश की जनता के विश्वास का कार्यकाल रहा नौ साल : नितिन

**संवाददाता, श्रावस्ती**

**अमृत विचार।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश नौ साल में देश का ग्रोथ इंजन बना। सरकार का यह नौ साल प्रदेश की जनता के विश्वास का कार्यकाल रहा। यह बातें प्रदेश सरकार के राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) आबकारी एवं मद्य निषेध विभाग नितिन अग्रवाल ने प्रदेश सरकार के नव निर्माण के नौ वर्ष पूर्ण होने पर कलेक्ट्रेट सभागार में प्रेसवार्ता में कहीं।

इस दौरान उन्होंने सरकार की विगत नौ वर्षों की उपलब्धियों को गिनाया। उन्होंने कहा कि नौ वर्षों में प्रदेश अराजकता मुक्त हो विश्वास की ओर अग्रसर हुआ है। हमने बिमारू से विकासशील प्रदेश की स्थापना की है। मुख्यमंत्री ने नौ वर्षों में तीन स्तम्भों-कानून का राज स्थापित करना, पारदर्शी नीति, प्रशासन और अन्तिम व्यक्ति तक लाभ पहुंचाने के मूलमंत्रों पर कार्य किया है। इस मौके पर अध्यक्ष जिला पंचायत दद्दन मिश्रा, श्रावस्ती विधायक रामफेरन पाण्डेय, एमएलसी साकेत मिश्र, भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ मिश्रीलाल वर्मा, डीएम अश्विनी कुमार पाण्डेय व एसपी राहुल भाटी सहित अन्य जनप्रतिनिधि व अधिकारी मौजूद रहे।




सरकार की उपलब्धि बताते प्रभारी मंत्री, साथ में अन्य जनप्रतिनिधि। अमृत विचार



नाविकों को लाइफ जैकेट देते प्रभारी मंत्री, साथ में अन्य। अमृत विचार

**नाविकों को मिला लाइफ जैकेट, श्रावस्ती:** उत्तर प्रदेश सरकार के नौ वर्ष पूर्ण होने पर मंगलवार को कलेक्ट्रेट के तथागत हाल में आयोजित कार्यक्रम में प्रभारी मंत्री नितिन अग्रवाल ने नाविकों को लाइफ जैकेट प्रदान किया। इस दौरान उनके साथ जिला पंचायत अध्यक्ष व सह अध्यक्ष जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण दद्दन मिश्र, विधायक श्रावस्ती रामफेरन पांडेय, सदस्य विधान परिषद साकेत मिश्र, डीएम अश्विनी पांडेय, एसपी राहुल भाटी व एडीएम अमरेंद्र कुमार वर्मा मौजूद रहे। आपदा विशेषज्ञ अरुण कुमार मिश्र ने बताया कि नाविकों को राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के माध्यम से लाइफ जैकेट का वितरण किया गया है। इससे बाढ़ आपदा के समय लोगों की मदद करने में नाविकों को सहूलियत होगी।

